CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 201 ▫ रायपुर, गुरुवार 13 अगस्त 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

### राजनांदगांव में ईडी की दबिश

## नाहटा और भंसाली से जुड़े ठिकानों पर जांच



ईडी के अधिकारी सुबह 6 बजे जांच शुरू की

**राजनांदगांव, 13 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने गुरुवार तड़के राजनांदगांव में कई ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। जानकारी के मुताबिक भोपाल और रायपुर से पहुंची ईडी की अलग-अलग टीमों ने शहर से लगे तीन स्थानों पर कार्रवाई शुरू की। इनमें सत्यम विहार कॉलोनी स्थित नाहटा ग्रुप से जुड़े प्रतिष्ठान और कामठी लाइन स्थित भंसाली किराए भंडार शामिल हैं।

बताया जा रहा है कि ईडी के अधिकारी सुबह करीब 6 बजे राजनांदगांव पहुंचे और इसके बाद संबंधित परिसरों में जांच शुरू की। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने दस्तावेजों और वित्तीय लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड की जांच की। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर संबंधित ठिकानों के बाहर पुलिस बल भी तैनात रहा। सूत्रों के अनुसार, ईडी की यह कार्रवाई डीएमएफ से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में बताई जा रही है। हालांकि, अभी तक जांच एजेंसी की ओर से कार्रवाई के कारण या जांच के दायरे को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। बता दें कि नाहटा और भंसाली से जुड़े इन ठिकानों पर अक्टूबर 2025 में भी ईडी की टीम कार्रवाई कर चुकी है। वर्तमान कार्रवाई को लेकर शहर में सुबह से ही चर्चा का माहौल है। फिलहाल तीनों स्थानों पर जांच जारी है। ईडी की ओर से आधिकारिक बयान जारी होने के बाद ही छापेमारी की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

### ननकीराम ने लिखा पीएम मोदी को पत्र

## जीएसटी पदोन्नति परीक्षा में गड़बड़ी का लगाया आरोप, केंद्रीय एजेंसी से जांच कराने की मांग

**रायपुर, 13 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** पूर्व गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेता ननकीराम कंवर ने एक बार चर्चा में हैं। अबकी बार उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर वस्तु एवं सेवा कर विभाग (जीएसटी) में वर्ष 2021 और 2022 में हुई पदोन्नति परीक्षाएं में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए केंद्रीय एजेंसी से जांच कराने की मांग की है। ननकीराम कंवर ने पत्र में बताया कि राज्य कर निरीक्षक के 42 पदों के लिए दो सालों में परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग 350 कर्मचारियों ने भाग लिया। लेकिन इस परीक्षा में विभागीय अधिकारियों ने जानबूझकर व्यापमं से सहयोग न लेते हुए खुद परीक्षा आयोजित की और गड़बड़ियां कीं।



कंवर ने आरोप लगाया कि जो कर्मचारी पास हुए, उनके अंक 80 से 100 प्रतिशत तक हैं. यह इशारा करते हैं कि उन्हें पहले से ही प्रश्न पत्र मिल चुके थे। उन्होंने कहा कि परीक्षा में विभागीय आयुक्त समीर बिश्नोई के पीए और अन्य अफसरों से जुड़े लोगों को चयनित किया गया। उन्होंने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं पर न तो कोई मोहर लगी थी, न किसी अधिकारी के हस्ताक्षर, जिससे आसानी से उत्तर बदले जा सकते थे। कंवर ने कहा कि तत्कालीन आयुक्त समीर बिश्नोई वर्तमान में मनी लॉन्ड्रिंग और आय से अधिक संपत्ति के आरोप में जेल में हैं।

### मानसून सत्र हंगामे की भेंट चढ़ा

## संसद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के साथ आज समाप्त

**नई दिल्ली, 13 अगस्त ( न्यूज चैनल )।** आज गुरुवार 13 अगस्त को लोकसभा और राज्यसभा, दोनों की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। इसके साथ ही मॉनसून सत्र समाप्त हो गया, जिसमें कामकाज बहुत कम हुआ। सत्र के दौरान कोई प्रश्नकाल नहीं हुआ और कई बिल बिना बहस के ही पास कर दिए गए। विपक्ष ने नीट पेपर लीक, राम मंदिर चंदे की चोरी और छात्रों के विरोध-प्रदर्शन पर पुलिस की कार्रवाई को लेकर गृह मंत्री अमित शाह के बयान जैसे मुद्दों पर बार-बार हंगामा किया।



आखिरी दिन की शुरुआत में राष्ट्रगीत वंदे मातरम बजने के कुछ ही देर बाद लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह दोनों मौजूद थे। वहीं, राज्यसभा ने चर्चा के बाद माइंस एंड मिनरल्स (डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन) अमेंडमेंट बिल, 2026 पास कर दिया। उच्च सदन की कार्यवाही कुल 37 घंटे 49 मिनट तक चली और 12 बिलों पर पास करने या लौटाने के लिए विचार किया गया। सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने अपने समापन भाषण में इस सत्र के दौरान लगातार हंगामे पर अफसोस जताया। बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने से पहले राज्यसभा में भी राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' बजाया गया।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने हल्द्वानी के रामलीला मैदान में हुई कथित शुद्धिकरण की घटना का मुद्दा उठाया। यह घटना 8 अगस्त, 2026 को कांग्रेस अध्यक्ष की रैली के बाद हुई थी। खड़गे ने कहा कि छुआछूत की इस हरकत के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए। यही मेरी मांग है। उन्होंने दावा किया कि इस घटना में बीजेपी का हाथ था। इस पर सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि बीजेपी ऐसी गतिविधियों का समर्थन नहीं करती है। घटना की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन इस मामले को गंभीरता से लेंगे। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, उन्होंने कांग्रेस से इस मुद्दे का राजनीतिकरण न करने को कहा।

सभापति राधाकृष्णन ने अपनी टिप्पणी में कहा कि पार्टी या विचारधारा से परे हम सभी इसकी निंदा करते हैं। हम सभी पवित्र हैं और हमें शुद्ध करने की कोई आवश्यकता नहीं है। मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह इस मामले की जांच कराए और दोषियों को सजा दे। इसमें कोई दो राय नहीं है। मानसून सत्र के दौरान संसद परिसर में मकर द्वार पर विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच विरोध-प्रदर्शन को लेकर आमना-सामना हुआ।

### लोकसभा में 12 विधेयक पारित हुए 39 फीसदी हुआ कामकाजः रिजिजू

संसद का मानसून सत्र खत्म होने के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र आज खत्म हो गया। रिजिजू ने बताया कि मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा की कुल कामकाज 39 फीसदी रहा। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में विपक्षी दलों के सांसद हंगामा करते थे। कई बार वे सदन से बाहर भी चले जाते थे। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के दूसरे ज्यादातर दलों के सांसद और कुछ विपक्षी दलों के सांसद बहस और चर्चा में शामिल हुए। रिजिजू ने बताया कि मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा की कुल उत्पादकता 39 फीसदी रही। वहीं, लोकसभा की उत्पादकता सिर्फ 19 फीसदी रही। रिजिजू ने बताया कि लोकसभा में 12 विधेयक पारित किए गए, सिर्फ एक विधेयक पर चर्चा की गई, जबकि राज्यसभा में सभी विधेयकों पर चर्चा की गई। रिजिजू ने कहा कि लोकसभा में इस सत्र के दौरान केवल एक विधेयक पर पूरी तरह चर्चा हो सकी।



## राजधानी में अंतिम दौर में पहुंची स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां

### 17 टोलियां परेड में होंगी शामिल, आज फुल ड्रेस रिहर्सल घुड़सवार दल और डॉग स्क्वायड रहेंगे आकर्षण

**रायपुर, 13 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर राजधानी रायपुर में तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच गई हैं। 15 अगस्त को पुलिस परेड ग्राउंड में होने वाले मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और तिरंगा फहराएंगे। समारोह से पहले आज पुलिस परेड ग्राउंड में फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की जा रही है। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था से लेकर परेड और अन्य तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

इस बार स्वतंत्रता दिवस की परेड में कुल 17 टोलियां शामिल होंगी। इनमें बीएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ और एसएसबी की टुकड़ियां सलामी देंगी। खास बात यह है कि इस बार बिहार पुलिस की टोली भी परेड का हिस्सा बनेगी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ पुलिस की पुरुष और महिला टुकड़ियों के साथ जेल पुलिस की टुकड़ी भी कदमताल करेगी। परेड में नगर सेना और एनसीसी की टुकड़ियां भी शामिल रहेंगी। सभी टुकड़ियां फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक परेड का अभ्यास कर रही हैं। स्वतंत्रता दिवस समारोह में घुड़सवार दल और डॉग स्क्वायड विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। डॉग स्क्वायड की टीम अपने विशेष कौशल का प्रदर्शन करेगी। वहीं घुड़सवार दल की प्रस्तुति भी समारोह में मौजूद लोगों के लिए खास आकर्षण होगी। स्वतंत्रता दिवस परेड की कमान आईपीएस विमल कुमार पाठक संभालेंगे। वहीं निशांत कुमार कुर्रे परेड कमांडर-2आईसी की जिम्मेदारी निभाएंगे। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान सभी टुकड़ियां परेड की बारीकियों और निर्धारित क्रम का अभ्यास कर रही हैं। पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के साथ समारोह स्थल की अन्य तैयारियों को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। उद्देश्य है कि 15 अगस्त का मुख्य समारोह भव्य, व्यवस्थित और अनुशासित तरीके से संपन्न हो।



### ब्रेकिंग न्यूज

### जेल में बंद आजम खान से मिले शिवपाल यादव, कहा- सपा सरकार बनी तो उन्हें बनाएंगे गृहमंत्री

**नई दिल्ली, 13 अगस्त ( न्यूज चैनल )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने बुधवार को कहा कि अगर 2027 में राज्य में स्क्क की सरकार बनती है, तो जेल में बंद पार्टी नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आज़म खान को गृह मंत्री बनाया जाएगा। साथ ही, उन्होंने सरकार पर आज़म खान के साथ अन्याय करने का आरोप भी लगाया। यादव ने रामपुर ज़िला जेल में खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आज़म से मुलाक़ात के बाद ये बातें कहीं; वहाँ उन्होंने उनके साथ लगभग एक घंटा बिताया। बैठक के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि अगर स्क्क सत्ता में आती है, तो वह कथित अन्याय के लिए ज़िम्मेदार लोगों के ख़िलाफ़ कार्रवाई करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि खान ने जेल से एक संदेश भेजा है जिसमें स्क्क नेताओं से पूरे उत्तर प्रदेश का दौरा करने और 2027 में सरकार बनाने की दिशा में काम करने को कहा गया है। यादव ने कहा कि आज़म खान के साथ बहुत अन्याय हुआ है। जब हमारी सरकार बनेगी, तो हम उन लोगों के ख़िलाफ़ कार्रवाई करेंगे जिन्होंने यह अन्याय किया है। हम आज़म खान के साथ हुए अन्याय का बदला लेंगे।




चूहा- सुनती हो, लोकसभा का तीन हफ्ते का मानसून सत्र केवल हंगामे में खत्म हो गया..!

चुहिया- हां जी, जनता का पैसा है... दर्द किसको होगा..?

### कावेरी विवाद पर कर्नाटक बंदः कन्नड़ संगठनों का राज्यव्यापी प्रदर्शन

#### तमिलनाडु से बस सेवा जारी



**नई दिल्ली, 13 अगस्त ( न्यूज चैनल )।** कावेरी नदी के पानी के बंटवारे को लेकर गुरुवार को कर्नाटक में राज्यव्यापी बंद बुलाया गया है। इस दौरान कोप्पल में लोगों ने अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने तमिलनाडु नंबर के ट्रकों के चालकों को गुलाब दिए। उन्होंने चालकों से कहा कि कावेरी का पानी छोड़ने को लेकर जारी विवाद के बीच कर्नाटक को उकसाने की कोशिश न करें। यह प्रदर्शन कोप्पल तालुक के हिटलनाल टोल गेट पर हुआ। यह जगह राष्ट्रीय राजमार्ग पर है। कर्नाटक बंद के तहत केरावे युवा सेना के नेता विजयकुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तमिलनाडु नंबर के ट्रकों को रोका। प्रदर्शनकारियों ने ट्रक चालकों से भिड़ने के बजाय उन्हें गुलाब दिए। यह गुलाब देना एक प्रतीकात्मक तरीके से विरोध जताने का हिस्सा था। फूल देते हुए विजयकुमार ने ट्रक चालकों से कहा, हम शांति पसंद करने वाले लोग हैं। हमें उकसाने की कोशिश न करें।

## भालुओं का आतंक जारीः घर का मेन गेट पार करते सीसीटीवी में हुए कैद, लोगों में दहशत का माहौल

**कांकेर, 13 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ के कांकेर में इन दिनों भालुओं के आतंक से लोग दहशत में है। ताजा मामला अलबेलापारा वार्ड से सामने आया है, जहां दो भालू घर में घुसकर बाहर जाते हुए सीसीटीवी में कैद हो गए। सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि दो भालू घर का मेन गेट पार करते हैं, जिन्हें कुत्तों का झुंड घेर लेता है। इसके बाद दोनों दुम दबाकर भाग जाते हैं।

बताया जा रहा है कि अलबेलापारा वार्ड में रोजाना भालू पहुंच रहे हैं और तोड़फोड़ करके उत्पात मचा रहे हैं। रिहायशी इलाकों में लगातार सक्रिय भालुओं के आतंक से लोग दहशत में हैं। नरहरपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत मरकाटोला-लारगांव क्षेत्र में 5 अगस्त को भालू के हमले की घटना सामने आई थी। हमले में दो ग्रामीणों की मौत हो गई, जबकि एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।



### आईएएफ का धमालः 1 लाख करोड़ का टेंडर जारी, भारत खरीदेगा 60 मिलिट्री प्लेन

**नई दिल्ली, 13 अगस्त ( न्यूज चैनल )।** भारतीय वायुसेना ने एक बड़ा कदम उठाया है। वायुसेना अपनी पुरानी बढ़ती जा रही ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट की फ्लड को बदलने की तैयारी कर रही है और इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने करीब 1 लाख करोड़ का बड़ा टेंडर जारी किया है। इस डील के तहत वायुसेना के लिए 60 मल्टी रोल ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट खरीदे जाएंगे और सबसे खास बात यह है कि इस पूरे प्रोग्राम में भारतीय कंपनियों को लीड रोल देने की तैयारी। सीधी भाषा में समझे तो वायुसेना को ऐसे विमान चाहिए जो सिर्फ सामान ढोने तक सीमित ना रहे बल्कि सैनिकों और भारी उपकरणों को तेजी से एक जगह से दूसरी जगह तक पहुंचा सकें और जरूरत पड़ने पर इन विमानों का इस्तेमाल दूसरे मिशन के लिए किया जा सकेगा और इस दौड़ में एचएल, टाटा और महिंद्रा जैसी भारतीय कंपनियां शामिल हैं। महिंद्रा ने ब्राजील की एमरार के साथ हाथ मिलाया है और उसकी तरफ से ष्ट390 एयरक्राफ्ट पेश किया जा सकता है। वहीं टाटा ने अमेरिकी कंपनी लॉकेट मार्टिन के साथ साझेदारी की है और ष्ट130 को मैदान में उतारने की तैयारी है। इस डील की सबसे बड़ी खासियत सिर्फ विमानों की संख्या या कीमत नहीं है। असली गेम भारत में इनके निर्माण का है। योजना के मुताबिक करीब 20 प्रतिशत विमान सीधे फ्लाई अवे कंडीशन में भारत आएंगे।



## गंगरेल बांध में मिली 37 साल पुरानी भगवान नेमिनाथ की संगमरमर प्रतिमा, आभूषण गायब; जांच शुरू

**धमतरी, 13 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध गंगरेल बांध (रविशंकर सागर जलाशय) के जलस्तर क्षेत्र से तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ जी की एक दुर्लभ एवं ऐतिहासिक संगमरमर की मूर्ति बरामद की गई है। लगभग 37 वर्ष प्राचीन बताई जा रही यह प्रतिमा 12 अगस्त की रात को धमतरी स्थित जैन मंदिर में पूरे आदर-सत्कार के साथ लाई गई। मूर्ति पर संवत 2046 उत्कीर्ण है, जो इसकी प्राण प्रतिष्ठा के समय को दर्शाता है।

**वोटिंग चालकों को दिखी मूर्तिः** जानकारी के अनुसार, गंगरेल बांध में नौकायन (वोटिंग) का संचालन करने वाले लोगों को पानी के पास यह प्रतिमा दिखाई दी। उन्होंने स्थिति को समझते हुए तुरंत इसकी सुरक्षा सुनिश्चित की और स्थानीय लोगों को सूचित किया। सूचना मिलते ही 12 अगस्त की देर रात जैन समाज के प्रतिनिधि बांध पहुंचे और मूर्ति को ससम्मान धमतरी लाकर जैन मंदिर में स्थापित कराया।



**देशभर के जैन समाज को दी गई सूचनाः** धमतरी जैन समाज के अध्यक्ष विजय गोलछा ने बताया कि प्रतिमा मिलने और उस पर उत्कीर्ण संवत 2046 के आधार पर देशभर के जैन संघों एवं समाजों को इसकी सूचना भेज दी गई है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह प्रतिमा मूल रूप से किस स्थान या मंदिर की है। फिलहाल, प्रतिमा के सुरक्षित जैन मंदिर में विराजमान होने से श्रद्धालुओं में भक्ति का माहौल है, वहीं पुलिस व समाज स्तर पर इसके मूल स्थान और गायब आभूषणों के संबंध में तफ्तीश की जा रही है।

### आभूषण गायब चोरी की आशंका

11 इंच ऊंची सफेद संगमरमर की इस प्रतिमा का बारीकी से निरीक्षण करने पर पाया गया कि मूर्ति पर लगे बहुमूल्य आभूषण गायब हैं। इस पर धमतरी जैन समाज के अध्यक्ष विजय गोलछा ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिमा बांध के पानी तक कैसे पहुंची, यह गंभीर जांच का विषय है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि किसी असामाजिक तत्व या चोरों द्वारा किसी मंदिर से मूर्ति चुराकर उसके सोने-चांदी के गहने उतार लिए गए होंगे और पकड़े जाने के डर से प्रतिमा को बांध के पानी में फेंक दिया गया होगा।

### संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में खुलासा, लाल किला हमले के पीछे अलकायदा का सीधा हाथ

**नई दिल्ली, 13 अगस्त ( न्यूज चैनल )।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक रिपोर्ट से पता चला है कि नवंबर 2025 में दिल्ली के लाल किले में हुए धमाके, जिसमें 11 लोगों की मौत हुई थी, के पीछे अल-कायदा आतंकी संगठन से जुड़ी एक शाखा का हाथ है। यह पहली बार है जब संयुक्त राष्ट्र के किसी दस्तावेज़ में इस संगठन का सीधा संबंध दिल्ली में हुए उस धमाके से जोड़ा गया है। इस आतंकी संगठन की पहचान अल-कायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट के तौर पर की गई है। हालांकि, लाल किले में हुए धमाके की जांच अभी भी भारत की नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसीकर रही है और अधिकारियों ने अभी तक अपनी अंतिम रिपोर्ट जारी नहीं की है। यह जानकारी अगस्त 2026 में ह्न सुरक्षा परिषद को सौंपी गई 38वीं रिपोर्ट में शामिल थी। इस रिपोर्ट में 16 दिसंबर 2025 से 9 जून 2026 के बीच हुई आतंकवादी गतिविधियों और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े घटनाक्रमों का ज़िक्र है।

CMYK